# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रयासों की समीक्षा। कहा– निवेश और भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों में तय होगी जिलाधिकारी की जवाबदेही।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी दौरा कल। मुख्य सचिव मनोज कुमार ने की तैयारियों की समीक्षा।
- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिये अधिसूचना जारी। पच्चीस अक्टूबर तक होगा नामांकन। तेरह नवम्बर को डाले जायेंगे वोट।
- प्रदेश में अब खाद्य पदार्थों में मिलावट के साथ–साथ रोग फैलाने वाले बैक्टीरिया और फंगस की भी हो सकेगी जांच।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के योजना भवन में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लेकर किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि उत्तर प्रदेश असीमित क्षमताओं का राज्य है। इसी का परिणाम है कि महज चार वर्ष में प्रदेश की अर्थव्यवस्था दो गुनी होने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार इक्कीस बाईस में उत्तर प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद सोलह लाख पैंतालीस हजार करोड़ था। दो हजार तेइस चौबीस में यह पचीस लाख अड़तालीस हजार करोड़ से ज्यादा हो गया है। इस वित्तीय वर्ष में लक्ष्य बत्तीस लाख करोड़ का है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को पूरा करने में वैश्विक निवेशक सम्मेलन में हुए चालीस लाख करोड़ के समझौते महत्वूपर्ण भूमिका निभा रहे है। प्रदेश में दो करोड़ नये रोजगार पैदा होंगे। श्री योगी ने कहा कि एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पाने के लिए हमारी नीति और नियोजन सही हैं। अब केवल गति तेज करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह वही प्रदेश है जहां वर्ष दो हजार सोलह सत्रह में एक्साइज से मात्र बारह हजार करोड़ का राजस्व मिलता था, जो अब बढ़कर बावन हजार करोड़ हो गया है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टमेंट और भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण लम्बित नहीं रहने चाहिए। इसके लिये जिलाधिकारी की जवाबदेही तय की जायेगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आयेंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं। कल प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुयी, जिसमें तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। मुख्य सचिव ने पूरे कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन और मूवमेंट को लेकर समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये। बैठक में डीजीपी प्रशान्त कुमार ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध के साथ किसी भी स्तर पर कोई कोताही न बरतने का निर्देश दिया। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पुलिस प्रशासन की ओर से गयी तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा ने प्रधानमंत्री के वाराणसी आगमन के दौरान प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में मुख्य सचिव को जानकारी दी।

***व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही लोकल स्तर आरोप जो चौलेंजेस होते हैं या जो आ सकते हैं आने वाले दो दिन में उनकी गाइडेंस भी उनके द्वारा दी जाती है। साथ ही विभागीय तैयारियां चाहे वो नगर निगम हो,फायर सर्विस हो, टेलीफोन हो, एनआईसी आदि की भी जानकारियाँ ली जाती है। कुल मिला के सारे मार्गदर्शन प्राप्त हुए हैं। अधिकतर तो पहले से ही काम चल रहा था। वो जो मूलभूत और जानकारियाँ प्राप्त हुई है उसपे भी कार्य करवाया जा रहा है और आने वाले एक दो दिन की जो तैयारी बची है उसमें उनको इन कॉरपोरेट करवाया जाएगा।***

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उप चुनाव की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। चुनाव को लेकर सम्बन्धित जिलों में कल से अधिसूचना लागू कर दी गयी। इन सीटों पर नामांकन की अन्तिम तिथि पच्चीस अक्टूबर है जबकि नाम वापसी तीस अक्टूबर तक की जा सकेगी। तेरह नवम्बर को मतदान होगा। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें कटेहरी, करहल, मीरापुर, कुंदरकी, फूलपुर, सीसमऊ, गाजियाबाद, मझावां और खैर शामिल हैं। इन 9 सीटों में से सीसमऊ को छोड़कर आठ सीटें यहां के विधायकों के लोकसभा चुनाव में सांसद चुने जाने के बाद खाली हो गई थीं। सीसमऊ में एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए गए समाजवादी पार्टी विधायक इरफान सोलंकी की अयोग्यता के कारण उपचुनाव हो रहा है। इस उपचुनाव में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के बीच सीधा मुकाबला है। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

बहराइच हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद सहित तीस आरोपियों के घरों को ध्वस्त करने की तैयारी शुरू हो गयी है। कल शाम लोक निर्माण विभाग ने सभी के घरों पर नोटिस चस्पा किया। विभाग का दावा है कि संबंधित घर अतिक्रमण कर बनाये गये हैं। विभाग का कहना है कि महराजगंज कस्बे से निकलने वाली सड़क को चौड़ा किया जाना है। ऐसे में पचास मीटर के दायरे मे जो भी अवैध निर्माण है उनको हटाया जाएगा। उधर एक दिन पहले गिरफ्तार पांचों मुख्य आरोपियों को चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

वहीं बहराइच हिंसा मामले में लापरवाही बरतने पर तहसीलदार को डीएम कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाही की संस्तुति की गयी है।

**********

प्रदेश में अब खाद्य पदार्थो मे मिलावट के साथ–साथ रोग फैलाने वाले बैक्टीरिया और फंगस की भी जांच की जाएगी। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि किन कारणों से फूड प्वाइजनिंग होती है। वर्तमान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की प्रयोगशालाओं में होने वाली केमिकल जांच में सिर्फ मिलावट का पता चलता है, बैक्टीरिया और फंगस की मौजूदगी की जांच नहीं होती है। इसके लिये अब माइक्रोबायोलॉजी जांच शुरू की जायेगी। यह जांच नवम्बर महीने से लखनऊ और मेरठ की प्रयोगशालाओं में शुरू हो जायेगी। शुरूआत में डिब्बा बंद शिशु आहार, डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों, जंक फूड और बोतलबंद पानी की जांच की जायेगी। आगे इसका दायरा और बढ़ाया जायेगा।

**********

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर इक्कीस अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहीद हुए सिपाहियों के परिजनों को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, पुलिसकर्मियों के भत्तों में बढ़ोत्तरी सहित उनके कल्याण से जुड़ी योजनाओं की भी घोषणा कर सकते हैं। स्मृति दिवस के अवसर पर लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली शोक परेड की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। एक सितम्बर दो हजार तेइस से इकतीस अगस्त दो हजार चौबीस तक देश में दो सौ चौदह पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं, जिनमें दो सिपाही उत्तर प्रदेश के भी हैं।

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने उच्च शिक्षा, लोक निर्माण, प्रशासनिक सुधार विभाग सहित नौ विभागों में एक सौ नौ पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है। आवेदन प्रक्रिया सत्रह अक्टूबर से अट्ठारह नवम्बर तक चलेगी। आवेदन सुधार और संशोधन पच्चीस नवम्बर तक किया जा सकेगा।

**********

महंगाई पर नियंत्रण के लिये केन्द्र सरकार ने सस्ते दरों पर प्याज उपलब्ध कराने के लिए कांदा एक्सप्रेस के नाम से विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। यह ट्रेनें प्याज लेकर दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी और देश के उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में जायेंगी। केन्द्र सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग ने इस नई व्यवस्था की घोषणा की है।

**********

प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ दो हजार पच्चीस के मद्देनजर लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं। पूरे शहर को सजाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार की ओर से सिविल एयरपोर्ट के बाहर दीप्तिमान चौरासी स्तम्भों की स्थापना की जा रही है। ये स्तम्भ पौराणिक मान्यता के अनुसार जीवन के चौरासी लाख योनियों से होकर गुजरने के विकास का प्रतीक है। नवम्बर तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***एयरपोर्ट टर्मिनल के सामने से जाने वाली सड़क में ये 84 स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। हर स्तंभकी लंबाई 6 मीटर होगी और यह खास स्टोन से बनाया जा रहा है। एक स्तंभ से दूसरेस्तंभ की दूरी 12 मीटर रखी गई है। हर स्तंभ में भगवान शिव के सहस्त्र नाम भी लिखेजाएंगे। रात के समय इन स्तंभों में स्पेशल लाइटिंग का इंतजाम किया है ताकि अंधेरेमें भी ये उतनी ही चमक के साथ आलोकित होते रहें । स्तंभ के पास फूलदार सजावटी पौधेभी रोपित किए जाएंगे। नजदीक बैठने के लिए विशिष्ट बेंच का भी निर्माण किया जायेगा। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

**********

बलरामपुर जिले के ढेबरूआं थाना क्षेत्र में कल शाम एक बस के गड्ढे में गिर जाने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी तथा बाइस लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

**********